बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

## अधिसूचना

संचिका सं0–1/एम–1–1023/2020–547 पटना, दिनांक– 16.07.2026

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–525–सह–पठित ज्ञापांक–527, दिनांक–08.07.2026 द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–19300, दिनांक–13.10.2023 एवं परिपत्र सं0–10360, दिनांक–11.06.2026 में निहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार अभियंत्रण सेवा के कार्यरत श्री अभय कुमार सिंह, मुख्य अभियंता (असैनिक) (कार्यकारी प्रभार) को अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के विहित वेतनमान (वेतन स्तर–14) सहित, अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार प्रदान करते हुए श्री अभय कुमार सिंह, मुख्य अभियंता (रूपांकण), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है। जिसके आलोक में उनके द्वारा दिनांक–08.07.2026 के अपराह्न में अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) का प्रभार ग्रहण कर लिया गया है।

2. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–6530, दिनांक–31.07.2008 एवं वित्त विभाग के संकल्प सं0–10443, दिनांक–09.11.2022 तथा श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना सं0–47, दिनांक–06.04.2026 में निहित प्रावधानों के आलोक में श्री अभय कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना (वेतन स्तर–14) को घरेलू सहायता भत्ता के रूप में ₹13,080/– (तेरह हजार अस्सी रूपये) (436X30दिन) प्रतिमाह भुगतान की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. इस सुविधा पर होने वाले व्यय, विभाग के वेतन मद से विकलित होगा।

4. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(अरविन्द कुमार) 16/7/26
अपर सचिव

ज्ञापांक–1/एम–1–1023/2020–548 पटना, दिनांक– 16.07.2026

प्रतिलिपि–महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल, पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/ सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अरविन्द कुमार) 16/7/26
अपर सचिव

ज्ञापांक–1/एम–1–1023/2020–548 पटना, दिनांक– 16.07.2026

प्रतिलिपिः–श्री अभय कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)/बजट पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता (मो0–2)–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/लेखा शाखा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/ विभागीय आई0टी0 मैनेजर को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अरविन्द कुमार) 16/7/26
अपर सचिव

ज्ञापांक–1/एम–1–1023/2020–548 पटना, दिनांक– 16.07.2026

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अरविन्द कुमार) 16/7/26
अपर सचिव

16-7-26